Table of the House on 27th August, 1987.

(b) The details required are quite voluminous and are not readily available. Time and efforts required for collection of these will not be commensurate with the 'results likely to be achieved.

मारुति कारों के मूल्य

2411. **श्री रशीद मसूद :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में मारुति कारों के दामों में पुनः वृद्धि की गई है ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में मारुति कारों के दामों में कितनी बार और कितनी-कितनी वृद्धि की गई है ;

(ग) क्या यह सच है कि इन कारों के निर्माण के समय उद्देश्य यह था कि आम आदमी को छोटी और सस्ती कार उपलब्ध कराई जाए ; और

(घ) यदि हां, तो आज के हालात में इस उद्देश्य की पूर्ति कहां तक की जा रही है । ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) जी हां ।

(ख) एक विवरण संलग्न है (नीचे देखिए)

(ग) और (घ) मारुति उद्योग लिमिटेड को स्थापित करने के उद्देश्य में मोटरकार उद्योग का आधुनिकीकरण ईंधन क्षमता वाले वाहनों को उच्च उत्पादन और देश की अर्थ-व्यवस्था के लिये जरूरी आवश्यक मोटर वाहनों का उच्च उत्पादन सुनिश्चित करने का उद्देश्य भी सम्मिलित है । मारुति उद्योग लि ने इसी संकल्पना में ईंधन क्षम वाहनों का उत्पादन किया है और उन्हें जनता को उपलब्ध कराया है कि उनकी संकल्पना परियोजना रिपोर्ट

विवरण

(रुपयों में)

वाहन	प्रारम्भिक मूल्य	फैक्टरी गत मूल्यों में मूल्य वृद्धि (इनमें उत्पादन शुल्क और डीलरों का कमीशन सम्मिलित है)				चालू मूल्य
	1-4-85	28-3-86	4-8-86	10-3-87	14-10-87	
1. कार स्टैण्डर्ड	47,500					
नीली और सफेद	—वही—	2,450	7,150	6,800	7,650	1,000 72,550
लाल, भूरी और हरी	—वही—	3,200	7,150	6 050	7,650	1,060 —वही—
2. कार डीलक्स	79,000	450	5,550	8 800	8,850	1,325 103,975
3. कार ए० सी०	72,200		6,800	9,500	8,250	1,325 88,075

फैक्टरी गत मूल्य में उत्पादन शुल्क और डीलरों का कमीशन सम्मिलित है ।